राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

बिहार लोक भवन, पटना–800022

संख्या–68/2026

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने मई दिवस के अवसर पर सभी श्रमिक भाई–बहनों को शुभकामनाएँ दी

पटना 30 अप्रैल, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने मई दिवस (01 मई) के अवसर पर बिहार एवं देश के सभी श्रमिक भाई–बहनों को शुभकामनाएँ दी है।

उन्होंने कहा है कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण में श्रमिक बन्धुओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है तथा उसका औद्योगिक विकास, उत्पादकता एवं विकासशील गतिविधियाँ श्रमिकों की कार्य कुशलता एवं उनकी मेहनत करने की क्षमता पर ही निर्भर करती है। उनकी मेहनत एवं ताकत से ही देश एवं राज्य का चतुर्दिक विकास संभव है। उन्होंने कहा है कि श्रमिकों के सशक्तीकरण एवं उनके अधिकारों के संरक्षण हेतु विभिन्न श्रम कानूनों तथा श्रम कल्याण की योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सतत प्रयास किये जा रहे हैं।

राज्यपाल ने सभी प्रबंधकों एवं नियोजकों से अपील की है कि वे अपने कारखानों, प्रतिष्ठानों तथा खेत–खलिहानों में काम करने वाले श्रमिकों को उचित सम्मान एवं हक दें। श्रम को सम्मान देना हमारी कार्य–संस्कृति का अंग होना चाहिए।

राज्यपाल ने मई दिवस के अवसर पर समस्त श्रमिक परिवारों के सुखमय भविष्य की कामना की है।

....